कार्यालय–निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर।

क्रमांक–शिविरा–माध्य/मा–स/22496/विविध दिवस/2018/ दिनांकः 08 .11.2019

समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी
एवं पदेन परियोजना समन्वयक
समग्र शिक्षा अभियान

विषय :– पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 पण्डित जवाहर लाल नेहरू जी की 130वीं जयंती के अवसर पर 14 नवम्बर को "मेरा गांव, मेरा गौरव" समारोह के आयोजन के सम्बन्ध में।

प्रसंगः– राज्य सरकार का पत्रांक : प.24(36)शिक्षा–6/2017 दिनांक : 06.11.2019

उपर्युक्त विषयान्तर्गत प्रासंगिक पत्र के क्रम में लेख है कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 पण्डित जवाहर लाल नेहरू जी की 130वीं जयंती के अवसर पर 14 नवम्बर को "मेरा गांव मेरा गौरव" कार्यक्रम मनाये जाने के साथ ही इस अवसर पर बाल अधिकारों एवं उनके संरक्षण पर बच्चों को जानकारी देने, संकट की स्थिति में चाईल्ड लाईन से संपर्क करने, टीकाकरण से होने वाले लाभ एवं विभिन्न विषयक वाद–विवाद प्रतियोगिता आयोजित करने चित्रकला, अंताक्षरी, बाल विवाह रोकथाम एवं बाल कानूनों के बारे में जानकारी इत्यादि कार्यक्रम आयोजित करावें।

ग्रामवासियों के मन में उनके ग्राम के प्रति गौरव की भावना उत्पन्न करने, गांव के ऐतिहासिक, धार्मिक, पुरातात्विक एवं प्राकृतिक विरासत यथा गोचर भूमि, जलाशय इत्यादि का संरक्षण एवं विकास सुनिश्चित करने तथा जातिवाद, सांप्रदायिकता एवं कुरीतियों के विरूद्ध जनचेतना जागृत कर आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक एवं राजनीतिक दृष्टि से एक समरस समाज का निर्माण करने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा 14 नवम्बर को "मेरा गांव मेरा गौरव" दिवस के आयोजन का निर्णय लिया गया है। उक्त आयोजन में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा जिसमें प्रतिभागियों और विजेताओं को प्रमाण–पत्र सरपंच एवं प्रधानाध्यापक के संयुक्त हस्ताक्षर से दिया जाएगा तथा इस आयोजन पर होने वाला समस्त व्यय ग्राम पंचायत की निजी आय अथवा जन सहयोग से किया जाएगा।

इस सम्बन्ध में बाल अधिकारिता विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग का सहयोग लिया जा सकता है।

(नथमल डिडेल)
आई.ए.एस.
निदेशक,
प्रारम्भिक एवं माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर

www.rajteachers.com